# MAHARSHI JAMADAGNI GOVERNMENT COLLEGE FOR GIRLS, PILLU KHERA (JIND)

# ANNUAL REPORT 2024-25

| Date of Activity/Event | Name of the Department/ Cell/ Committee | Name of Activity | Description of the Activity |
|---|---|---|---|
| 05-08-2024 | IQAC | Orientation Programme 2024-25 | आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में प्रथम वर्ष में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों ने भी उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या डॉ. रचना शर्मा द्वारा सरस्वती मां की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्प भेंट के साथ की। प्राचार्या जी ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और उपस्थित शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ सदस्यों का अभिवादन किया और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें अनुशासन बनाए रखने तथा नैतिक पथ पर चलने के लिए प्रेरित किया। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के प्रभारी श्री दीपक कुमार ने मंच का संचालन किया। महाविद्यालय में गठित विभिन्न समितियों के प्रभारियों ने विद्यार्थियों को अपनी अपनी समिति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्यतः राष्ट्रीय शिक्षा नीति समिति, राष्ट्रीय सेवा योजना, महिला प्रकोष्ठ, प्लेसमेंट सेल, स्कॉलरशिप, यूनिवर्सिटी सेल, समय सारणी एवं अनुशासन समिति के अंतर्गत आने वाले कार्यक्रमों की जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। |
| 07-08-2024 | महिला प्रकोष्ठ | तीज सेलिब्रेशन | इस कार्यक्रम में छात्राओं ने अपने हुनर का प्रदर्शन करते हुए खूबसूरत डांस की प्रस्तुति दी। कुछ बच्चों ने अपनी कलाकारी दिखाते हुए अपने सहपाठियों तथा कॉलेज के प्राध्यापिकाओं को मेहंदी लगाई। इसके बाद सभी स्टाफ के सदस्यों व छात्राओं ने झूले-झूल कर इस पावन पर्व का आनंद उठाया । |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10-08-2024 | Economics, Geography and English | College Level Quiz Contest | अर्थशास्त्र, भूगोल एवं अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अंतरा महाविद्यालय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सात टीमों ने भाग लिया। प्रत्येक टीम में तीन छात्राएं रही। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रितु, मोनिका और प्रतिभा की टीम ने प्राप्त किया, द्वितिय स्थान निधि, मोनिका और देविका की टीम ने प्राप्त किया तथा काफी, तनु और साक्षी की टीम तृतीय स्थान पर रही। डॉ. देवेन्द्र, प्रदीप कुमार और दीपक कुमार ने अपने अपने विषय से संबंधित राउंड में बारी-बारी से क्विज मास्टर की भूमिका निभाई। ज्योग्राफी लैब अटेंडेंट कु. माफी ने स्कोरर की भूमिका निभाई। |
| 12-08-2024 | Anti Drug Awareness Cell | Nukkad Natak | 12 अगस्त, 2024 को एंटी ड्रग अवेयरनेस सेल व वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्या डॉ. रचना शर्मा जी की अध्यक्षता में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया । जिसका मुख्य विषय अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवाओं को नशें से मुक्त और दूर करना रहा। इस वर्ष सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण विभाग द्वारा मुख्य विषय विकसित भारत का मंत्र भारत हो नशे से स्वतंत्रत दिया गया। सरकार द्वारा 15 अगस्त, 2020 से नशा मुक्त अभियान चलाया जा रहा है,ताकि देश को नशा मुक्त बनाया जा सके। इस विषय पर महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा एक लघु नुक्कड़ नाटिका प्रस्तुत की गई जिसके माध्यम से संदेश दिया गया कि किस प्रकार नशे के शिकार व्यक्ति को किन किन प्रकार की मुसीबतों का सामना करना पड़ता है इन पर विस्तार से प्रकाश डाला। |
| 12-08-2024 | Library Committee | Library Visit Event | लाइब्रेरी समिति द्वारा राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस के अवसर पर बी.ए. एवं बी.कॉम. में अध्यनरत छात्राओं का महाविद्यालय के पुस्तकालय का दौरा करवाया गया। लाइब्रेरी समिति प्रभारी डॉ. देवेन्द्र ने सभी छात्राओं को राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस की महत्ता के बारे में बताया तथा पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों, प्रत्रिकाओं व पुस्तकालय सम्बंधी नियमों के बारे में सभी छात्राओं को विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। इस इवेंट में महाविद्यालय की 30 छात्राओं नें भागीदारी की। प्राचार्या डॉ. रचना शर्मा जी ने सभी छात्राओं को अपने ज्ञान को लगातार अद्यतन करने हेतु प्रख्यात लेखकों द्वारा लिखी गयी पुस्तकों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12-08-2024 | NSS | Pedge Ceremony | महाविद्यालय में 12 अगस्त 2024 को हर घर तिरंगा कैंपेन के तहत शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया महाविद्यालय की छात्राओं व स्टाफ सदस्यों ने अपने घरों में 15 अगस्त तक तिरंगा झंडा फहराने व तिरंगे झंडे के सम्मान को बनाए रखने की शपथ ली राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी ने छात्राओं को शपथ दिलाई और उन्हें तिरंगे का सम्मान करने तथा 15 अगस्त तक अपने घरों में तिरंगा फहराने का महत्व बताया इस कार्यक्रम में 100 से ज्यादा स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया |
| 12-08-2024 | NSS | Tree Plantation | महाविद्यालय में राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना इकाई के तत्वाधान में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉक्टर रचना शर्मा ने की । स्वयं सेविकाओं ने जामुन, बेल पत्र ,अमरूद आदि पेड़ों के पौधे लगाए एवं उनका ध्यान रखने की शपथ ली । |
| 13-08-2024 | NSS | Tiranga Rally | हर घर तिरंगा अभियान के तहत 13 अगस्त 2024 को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत आजादी के अमृत महोत्सव के तहत की गई थी। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रचना शर्मा ने की। महाविद्यालय की छात्राओं व स्टाफ सदस्यों ने अपने घरों में 15 अगस्त तक तिरंगा झंडा फहराने व तिरंगे झंडे के सम्मान को बनाए रखने के लिए पिल्लू खेड़ा गांव से यात्रा निकाली। |
| 14-08-2024 | NSS | Selfie with Tiranga | हर घर तिरंगा अभियान के तहत 14 अगस्त 2024 को सेल्फी विद तिरंगा का आयोजन किया गया । महाविद्यालय की छात्राओं व स्टाफ सदस्यों ने तिरंगा झंडा के साथ सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा के पोर्टल पर अपलोड की । इसका उद्देश्य छात्राओं में देशभक्ति की भावना भरना तथा छात्राओं के द्वारा उनके परिवार जनों में सभी गांव वासियों को भी तिरंगे झंडे के साथ सेल्फी लेने और उसका सम्मान करने करने के लिए प्रेरित करना है राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रविंद्र ने छात्राओं को तिरंगे का सम्मान करने व 15 अगस्त को सभी छात्राओं को अपने घरों में तिरंगा फहराने को कहा । |
| 15-08-2024 | NSS & युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति | स्वतंत्रता दिवस सेलिब्रेशन | महाविद्यालय में दिनांक 15 अगस्त 2024 को हमारे देश की आजादी का 78वां स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम के साथ बनाया गया। महाविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बी.ए. फाइनल ईयर की छात्रा तनु के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 16-08-2024 | Electroal Club | Voter Awareness Program:- Selfie Point | इलेक्ट्रोल क्लब के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत छात्राओं को जागरूक करने हेतु महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों और छात्राओं के लिए सेल्फी प्वाइंट बनाया गया। महाविद्यालय की सभी छात्राओं और स्टाफ सदस्यों ने बड़े उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया और महाविद्यालय के निर्देश सेल्फी को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर कर अपने सहपाठियों, मित्रों, अभिभावकों और संबंधियों को मतदान के महत्वपूर्ण विषय के बारे में जागरूक करने का कार्य किया। |
| 20-08-2024 | Electroal Club | Voter Awareness Program:- Help desk | दिनांक 20 अगस्त 2024 को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ. रचना शर्मा जी के निर्देशन और कार्यकारी प्राचार्या श्रीमती बबीता पवार की अध्यक्षता में मतदाता साक्षरता क्लब के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता हैल्प डेस्क लगाया गया। यह हेल्प डेस्क महाविद्यालय की छात्राओं की वोटर आईडी कार्ड बनवाने और मतदाता पहचान पत्र बनवाने की प्रक्रिया के बारे में अवगत करवाने बारे लगाया गया । इस अवसर पर महाविद्यालय की 100 छात्राओं ने भाग लिया। |
| 23-08-2024 | Geography | शपथ ग्रहण समाहरोह | भूगोल विभाग द्वारा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय की छात्राओं और सभी स्टाफ सदस्यों को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस शपथ दिलवाई गई। भूगोल विभागाध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार जी ने बताया कि विभागीय आदेशानुसार पूरा भारतवर्ष पहले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस को राष्ट्रीय को उत्सव के रूप में मना रहा है। इस इवेंट में 35 छात्राओं ने भाग लिया। |
| 28-08-2024 | Anti Drug Awareness Cell | Power Point Presentation Competition on Anti Drug Awareness Campaign | यह गतिविधि नशा विरोधी जागरूकता अभियान के प्रति जागरूकता लाने के लिए आयोजित की गई थी। इस गतिविधि में कुल 25 छात्राओं ने भाग लिया। तुलसी बी.ए. तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान, हर्षिता बी.ए. तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान, और सुमन बी.ए. तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। |
| 06-09-2024 | NSS | Orientation Programme | महाविद्यालय में दिनांक 6 सितंबर, 2024 को प्राचार्या डॉ. रचना शर्मा के निर्देशन में एनएसएस इकाई का ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर प्रवक्ता एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जयविंदर शास्त्री, सहायक प्राध्यापक, राजकीय महाविद्यालय सफीदो ने शिरकत की। उन्होंने कॉलेज की एनएसएस स्वयं |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | सेविकाओं को एन एस एस का महत्व बताते हुए कहा कि हमारे व्यक्तित्व विकास के लिए एन एस एस  की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने छात्राओं को एनएसएस की सभी गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी साथ ही बहुत से उदाहरण भी प्रस्तुत किए। |
| 12-09-2024 | हिन्दी | निबंध लेखन | हिंदी भाषा की महत्ता और उसकी समृद्धि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिनांक 12 सितंबर 2024 को हिंदी दिवस के उपलक्ष में महाविद्यालय के हिंदी विभाग ने प्राचार्या डॉ रचना शर्मा जी के मार्गदर्शन में अंतरामहाविद्यालय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हिंदी विभागाध्यक्ष श्री संजय ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना और उन्हें अपने विचारों को अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करना है। यह प्रतियोगिता निम्नलिखित विषयों पर आयोजित की गई, शिक्षा के क्षेत्र में मातृभाषा का महत्व, हिंदी भाषा और कम्प्यूटर, राजभाषा हिंदी, नारी शिक्षा, जिस पर छात्राओं ने अपने विचारों को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय कि छात्राओं ने अपनी रुचि के विषय के अनुसार बढ़ चढ़कर प्रतिभागिता की। इस प्रतियोगिता के परिणाम - तृतीय और द्वितीय वर्ष की छात्राएं सविता, काफी प्रथम, तृतीय और द्वितीय वर्ष की छात्राएं हर्षिता, मोनिका दुसरा प्रथम वर्ष की छात्रा नैन्सी, सपना ने भी संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। |
| 13-09-2024 | युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति | प्रतिभा खोज प्रतियोगिता | महाविद्यालय में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के आदेश अनुसार प्राचार्य डॉ. रचना शर्मा के निर्देशन में  दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के प्रथम दिन 13 सितंबर 2024 को महाविद्यालय के प्रांगण में 8 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा दूसरे दिन 14 सितंबर 2024 को तीन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के लगभग 150 छात्राओं ने प्रतिभागिता दी। प्रतियोगिता के पहले दिन महाविद्यालय प्रांगण में रंगोली, पेंटिंग, भाषण ,कविता पाठ, प्रश्नोत्तरी ,हरियाणवी ट्रेडिशनल, वाद्य यंत्र ,ऑन द स्पॉट फोटोग्राफी तथा दूसरे दिन एकल अभिनय , नृत्य एवं गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।<br>**पेंटिंग प्रतियोगिता:** प्रथम स्थान हर्षिता, बी.ए. तृतीय वर्ष, रोल नंबर 150 द्वितीय स्थान प्रीति, बी.ए. द्वितीय वर्ष ,रोल नंबर 57 तृतीय स्थान रेनू ,बी.कॉम. द्वितीय वर्ष, रोल नंबर |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | 01<br>**कविता पाठ प्रतियोगिता:** प्रथम स्थान अंजू, बी.ए. द्वितीय वर्ष रोल नंबर 81 द्वितीय स्थान प्रिया बी.ए. द्वितीय वर्ष,रोल नंबर 39 तृतीय स्थान सपना बी.ए. प्रथम वर्ष रोल नंबर 10<br>**रंगोली प्रतियोगिता:** प्रथम स्थान रीनू बी.ए. तृतीय वर्ष ,रोल नंबर 73 द्वितीय स्थान पूजा बी.ए. द्वितीय वर्ष रोल नंबर 29 तृतीय स्थान रेणु बी.कॉम. द्वितीय वर्ष रोल नंबर 01<br>**भाषण प्रतियोगिता:** प्रथम स्थान प्रिया, बी.ए. द्वितीय वर्ष ,रोल नंबर 39 द्वितीय स्थान कविता, बी.ए. प्रथम वर्ष, रोल नंबर 16 तृतीय स्थान सपना, बी.ए. प्रथम वर्ष ,रोल नंबर 10<br>**हरियाणवी ट्रेडिशनल:** प्रथम स्थान कोमल, बी.ए. प्रथम वर्ष, रोल नंबर 52 द्वितीय स्थान कोमल, बी.ए. तृतीय वर्ष, रोल नंबर 114 तृतीय स्थान शीतल, बी.ए. तृतीय वर्ष, रोल नंबर 45<br>**वाद्य यंत्र प्रतियोगिता:** प्रथम स्थान कॉफी, बी.ए. प्रथम वर्ष ,रोल नंबर 55 द्वितीय स्थान कोमल, बी.ए. तृतीय वर्ष, रोल नंबर 114 तृतीय स्थान रेनू , बी.ए. तृतीय वर्ष, रोल नंबर 73<br>**ऑन द स्पॉट फोटोग्राफी प्रतियोगिता:** प्रथम स्थान पायल, बी.कॉम. अंतिम वर्ष रोल नंबर 8 द्वितीय स्थान नेहा, बी.ए. द्वितीय वर्ष रोल नंबर 44 तृतीय स्थान रितिका, बी.कॉम. प्रथम वर्ष रोल नंबर 05<br>**प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता:** प्रथम स्थान साइना नेहवाल टीम (रितु, प्रतिभा और मोनिका), द्वितीय स्थान विनेश फोगाट टीम (हर्षिता, मुस्कान और प्रिया) व तृतीय स्थान सरोजिनी नायडू टीम (निधि ,काफी व महक)<br>**नृत्य प्रतियोगिता:** प्रथम स्थान तमन्ना, बी.कॉम. प्रथम वर्ष ,रोल नंबर 02 द्वितीय स्थान नेहा, बी.ए. तृतीय वर्ष, रोल नंबर 155 तीसरा स्थान करीना , बी.कॉम. प्रथम वर्ष, रोल नंबर 08 एकल अभिनय: प्रथम स्थान अनामिका, बी.ए. तृतीय वर्ष, रोल नंबर 66 द्वितीय स्थान कोमल, बी.ए. तृतीय वर्ष ,रोल नंबर 114 तृतीय स्थान शालू बी.ए. प्रथम वर्ष रोल नंबर 61<br>**गायन प्रतियोगिता:** प्रथम स्थान मुस्कान, बी.ए. तृतीय वर्ष ,रोल नंबर 27 द्वितीय स्थान अनामिका, बी.ए. तृतीय वर्ष, रोल नंबर 66 तृतीय स्थान काजल, बी.कॉम. प्रथम वर्ष, रोल नंबर 7 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 17-09-2024 | Electroal Club & NSS | Voter Awareness Program:- Rally & Oath Program | प्राचार्या डॉ. रचना शर्मा के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदाता जागरूकता रैली व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रविंदर के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना व वोटर क्लब द्वारा किया गया। महाविद्यालय स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत व्याख्यान कार्यक्रम, साइकिल रैलियां और हेल्प डेस्क सेवा का आयोजन किया गया। रैली में महाविद्यालय के लगभग 100 छात्राओं ने भाग लिया और "उम्र 18 पूरी है वोट बनवाने जरूरी है, आपका मतदान लोकतंत्र की जान, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो" जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने, मतदाता पहचान पत्र बनवाने और समय आने पर मतदान का प्रयोग करने का आह्वान किया। |
| 17-09-2024 | Geography | Extension Lecture | भूगोल विभाग और पर्यावरण क्लब के संयुक्त तत्वावधान में एकदिवसीय एक्सटेंशन लेक्चर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल,पिल्लूखेड़ा में भूगोल व्याख्याता पद पर कार्यरत सुनील मलिक और श्री आशाराम ने मुख्य वक्ता की भूमिका निभाई। एक्सटेंशन लेक्चर का मुख्य विषय "ओजोन परत का संरक्षण" रहा। इस अवसर पर श्री आशाराम ने कहा कि ए. सी., फ्रिज इत्यादि उपकरणों का कम से कम उपयोग करके हम सब भी ओजोन परत को बचाने मे सहयोग कर सकते है क्योंकि इनसे निकलने वाली हानिकारक गैस पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रही है। श्री सुनील मलिक ने ओजोन परत के महत्व के बारे में छात्राओं के साथ अपने विचार सांझा किए। उन्होंने वर्ष 2024 के विश्व ओजोन दिवस के थीम मोनोट्रियल प्रोटोकॉल- "एडवांसिंग क्लाइमेट एक्शन" के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ पृथ्वी ग्रह के महत्व के बारे में अपने विचारों को अभिव्यक्ति प्रदान की। श्री प्रदीप कुमार, भूगोल विभागाध्यक्ष ने सभी छात्राओं को अपने आस -पास अधिक से अधिक पेड़ -पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सभी को 'एक पेड़ मां के नाम ' मुहिम में भी भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर भूगोल विषय कि 55 छात्राओं ने भाग लिया। मंच संचालन महाविद्यालय की होनहार छात्राएं तन्नू व निशु ने किया। |
| 18-09-2024 | NSS | National Deworming Day | महाविद्यालय में एनएसएस और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालवा के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 21-09-2024 | Electroal Club & NSS | Voter Awareness Program: Poster Making | प्राचार्या डॉ. रचना शर्मा के निर्देशन में इलेकटोरल क्लब व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में मतदाता जागरुकता अभियान के अंर्तगत "चुनाव का पर्व प्रदेश का गर्व" विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता में 20 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निशु बीए तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान प्रीति बीए द्वितीय वर्ष व तृतीय स्थान हर्षिता बीए तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया। |
| 22-09-2024 | NSS | NSS One Day Camp | राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना के तत्वाधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। एनएसएस स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय प्रांगण व स्कूल प्रांगण की जमकर साफ सफाई की। श्रीमती रविंद्र ने सभी स्वयंसेविकाओं को एनएसएस के बारे में जानकारी दी नेहरू युवा केंद्र के सहयोग से स्वयंसेविकाओं ने रेलवे स्टेशन, हॉस्पिटल ,पार्कों व आंगनबाड़ी में भी साफ सफाई का कार्य किया। एनएसएस की स्वयं सेविकाओं को भारत पोर्टल के बारे में पूर्ण जानकारी दी गई व बहुत सी स्वयं सेविका का रजिस्ट्रेशन भी करवाया गया। शिविर का समापन एन एस एस गीत के साथ किया गया। |
| 24-09-2024 | NSS | N.S.S. स्थापना दिवस | महाविद्यालय प्राचार्या डॉक्टर रचना शर्मा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया । कार्यक्रम में मुख्य वक्ता की भूमिका श्रीमती बबीता पवार ने निभाई। मुख्य वक्ता ने बहुत ही अच्छे ढंग से छात्राओं को एनएसएस की स्थापना दिवस के बारे में बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना की शुरुआत कैसे और किसके द्वारा हुई। राष्ट्रीय स्वयंसेवा की मोटो नोट मी बट यू के बारे में विस्तार से जानकारी दी । कार्यक्रम में 100 छात्राओं ने भाग लिया। प्राचार्य डॉक्टर रचना शर्मा ने छात्राओं को समाज सेवा में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। |
| 26-09-2024 | Anti Drug Awareness Cell & NSS | One Day Seminar | महाविद्यालय में एंटी ड्रग अवेयरनेस सेल व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए आयोजित की गई थी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालवा के किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाता श्री कुलदीप सिंह मुख्य वक्ता थे। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01-10-2024 | Department of History & Political Science | Exhibition on Mahatma Gandhi jayanti | महात्मा गांधी जयंती के उपलक्ष्य में राजनीति विज्ञान एवं इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कोट्स लेखन प्रतियोगिता व प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की 30 से भी अधिक छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं ने अपने कोट्स व चित्रों के माध्यम से गांधी जी के व्यक्तिगत, सामाजिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, शैक्षणिक, राजनीतिक एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़े विचारों को प्रस्तुत किया। |
| 24-10-2024 | Anti Drug Awareness Cell | Poster and Slogan Exibition | महाविद्यालय में पोस्टर एवं स्लोगन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। |
| 28-10-2024 | NSS | NSS one day camp | राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। स्वयं सेविकाओं ने दीपावली के अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण व राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पिल्लूखेड़ा की साफ-सफाई की। इसके बाद छात्राओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से एक विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रिटोली से राष्ट्रीय स्तरीय प्रशिक्षक व प्राध्यापिका पद पर कार्यरत श्रीमती दिव्या मंडोत्रा ने मुख्य वक्ता की भूमिका निभाई । उन्होंने स्वयं सेविकाओं को शिक्षा के महत्व व व्यक्तिगत विकास के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी । उसके बाद कैंप में दिया सजावट, मेहंदी लगाओ व व्यर्थ पदार्थों के सदुपयोग आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । जिसमें स्वयं सेविकाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। |
| 05-11-2024 | युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति | हरियाणा उत्सव स्टेट लेवल फेस्टिवल में भागीदारी | चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद द्वारा आयोजित हरियाणा उत्सव स्टेट लेवल फेस्टिवल में महाविद्यालय की छात्राओं ने ऑन द स्पॉट पेंटिंग में हरियाणवी जनजीवन विषय में भाग लिया तथा अपना शानदार प्रदर्शन किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रचना शर्मा ने ऐसी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 20-11-2024 | Placement Cell | Extension lecture | प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत दो एक्सटेंशन लेक्चरो का आयोजन प्राचार्या डॉ. रचना शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अनुपम भाटिया एसोसिएट प्रोफेसर चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी उपस्थित रहे। व्याख्यान कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में कम्युनिकेशन स्किल और साक्षात्कार कौशल का विकास करना रहा। मुख्य वक्ता डॉ अनुपम भाटिया ने व्याख्यान के माध्यम से छात्राओं के व्यक्तित्व को निखारने का प्रयास किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की 100 छात्राओं ने भाग लिया। |
| 26-11-2024 | Anti Drug Awareness Cell | Nukkad Natak | प्राचार्या डॉ. रचना शर्मा के निर्देशन में Anti Drug Awareness Cell द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान जागरूकता कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। |
| 26-11-2024 | Department of Political Science & History | College Level one day Student's Seminar | संविधान दिवस के उपलक्ष में राजनीति विज्ञान और इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय स्तरीय एकदिवसीय स्टूडेंट सेमिनार का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की लगभग 40 छात्राओं ने संवैधानिक व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं और आयामों पर प्रजेंटेशन के माध्यम से अपने विचार प्रकट किया - जिसमें मुख्य तौर पर भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन, भारतीय संविधान का ऐतिहासिक विकास, संविधान सभा, भारतीय संविधान में हमारे आदर्श, लक्ष्यों और सिद्धांतों से परिचित करवाने वाली प्रस्तावना, संविधान में वर्णित मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य रहे। |
| 29-11-2024 | युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति | जोनल यूथ फेस्टिवल में भागीदारी | युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति के तत्वाधान में सीआरएसयू जीदं के निर्देशानुसार राजकीय महाविद्यालय जींद में आयोजित होने वाले जोनल यूथ फेस्टिवल में छात्राओं ने One Act Play व Skit में भागीदारी ली तथा अपना शानदार प्रदर्शन किया। |
| 02-12-2024 | Placement Cell | Extension lecture | महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रचना शर्मा ने की। कार्यक्रम में "रोल ऑफ फोनेटिक्स इन करियर एडवांसमेंट" और "अपॉर्चुनिटी इन टुडे वर्ल्ड" विषयों पर दो एक्सटेंशन लेक्चर आयोजित किए गए। इस अवसर पर डॉ. रणवीर कौशल, सेवानिवृत्त प्राचार्य को रिसोर्स पर्सन के रूप में आमंत्रित किया गया। इन व्याख्यानों का उद्देश्य छात्राओं को व्यक्तिगत और व्यावसायिक कौशल विकसित करने में सहायता प्रदान करना था। इस अवसर पर महाविद्यालय की 100 छात्राएं उपस्थित रही। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 05-12-2024 | NSS & YRC | Health Check up Camp | राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना व यूथ रेड क्रॉस के तत्वाधान में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। पीएचसी रझाना से डॉक्टर अनुषा मेडिकल ऑफिसर, श्री कुलदीप काउंसलर, सीएससी कालवा व उनकी टीम ने महाविद्यालय की सभी छात्राओं का खून टेस्ट ,हाइट ,वजन व शुगर टेस्ट भी किया। डॉक्टर अनुषा ने छात्राओं को खून की कमी के कारण, लक्षण, उपाय व बचाव के बारे में जानकारी दी। डॉक्टर अनुषा ने छात्राओं से उनकी समस्याएं पूछी और उनका निदान किया और अपना कांटेक्ट नंबर भी छात्राओं के साथ शेयर किया व किसी समस्या हेतु पीएचसी रझाना आने के लिए कहा। काउंसलर श्री कुलदीप ने भी छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को बताया कि कैल्शियम और आयरन की टैबलेट्स का प्रयोग कैसे करना है। |
| 17-01-2025 | Department of Political Science | Preamble Reading Program | राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा "हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान" विषय पर प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्या डॉ रचना शर्मा के निर्देशानुसार किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य संविधान के महत्व और उसकी प्रस्तावना को जन-जन तक पहुंचाना था। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष श्री रमेश कुमार ने किया। उन्होंने संविधान की प्रस्तावना के महत्व और उसमें निहित मूल्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने 200 छात्राओं को संविधान के प्रति जागरूक रहने और इसके मूल्यों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। |
| 20-01-2025 | महिला प्रकोष्ठ | फर्स्ट एड ट्रेंनिंग | महाविद्यालय में चार दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा कार्यालय का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में श्रीमान बिजेंद्र सिंह जी यूथ रेड क्रॉस को बुलाया गया |
| 20-01-2025 | महिला प्रकोष्ठ | योगा ट्रेंनिंग | महिला प्रकोष्ठ व योग क्लब के तत्वाधान में दिनांक 20 जनवरी 2025 से 7 दिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन किया गया इस कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में श्रीमान रोहतास आर्य योग गुरु जी को बुलाया गया। |
| 24-01-2025 | महिला प्रकोष्ठ | विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन | दिनांक 24 - 25 जनवरी, 2025 को महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग ,कॉलेज व रंगोली मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 25-01-2025 | Electroal club | Voter Awareness oath Program | इलेक्ट्रोल क्लब द्वारा "वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम" विषय पर एक शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग महाविद्यालय की 100 छात्राओं और स्टाफ सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। कार्यक्रम के दौरान इलेक्ट्रोल क्लब के इंचार्ज श्री रमेश कुमार ने छात्राओं को अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया और उन्हें मतदान के महत्व को समझाया। |
| 13-02-2025 | खेल विभाग | चतुर्थ वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता | महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा (जींद) में 13 फरवरी 2025 को चतुर्थ वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य श्री सत्यवान मलिक के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री जगदीश चंद्र प्राचार्य मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल पिल्लुखेड़ा ने शिरकत की। मुख्य अतिथि ने छात्राओं को संबोधित किया और कहा की खेलों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है और यह हमारा सर्वांगीण विकास करते हैं और विद्यार्थियों को नशे से दूर रखना और अपने जीवन में सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। श्री संजय कुमार, खेल-कूद प्रभारी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 120 प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की और बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा जोशी को बेस्ट एथलीट के रूप में चुना गया । प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे:<br>**100 मीटर रेस:** प्रथम जोशी द्वितीय, कोमल, तृतीय स्थान अन्नू,<br>**200 मीटर रेस:** प्रथम जोशी, द्वितीय संगीता, तृतीय स्थान अन्नू,<br>**400 मीटर रेस:** प्रथम अन्नू, द्वितीय जोशी, तृतीय स्थान संगीता,<br>**800 मीटर रेस:** प्रथम जोशी, द्वितीय अन्नु, तृतीय स्थान सोनम,<br>**जैवलिन थ्रो:** प्रथम संगीता, द्वितीय जोशी,तृतीय स्थान रितु,<br>**गोला फेंकना:** प्रथम जोशी, द्वितीय संगीता, तृतीय स्थान नीरज,<br>**लंबी कूद:** प्रथम जोशी, द्वितीय नीरज, तृतीय स्थान संगीता,<br>**डिस्कस थ्रो:** प्रथम जोशी, द्वितीय संगीता, तृतीय स्थान हिमांशी, पर रही।<br>प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को मेडल पहनाकर और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 14-02-2025 | युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति | संगीतांजलि कल्चरल फेस्ट का आयोजन | युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति के तत्वाधान में दिनांक 14 व 15 फरवरी 2025 को संगीतांजलि कल्चरल फेस्ट का आयोजन किया गया। संगीतांजलि कल्चरल फेस्ट के प्रथम दिन छात्रों के बीच पोस्टर मेकिंग कंपटीशन ,ऑन द स्पॉट पेंटिंग, मॉडलिंग ,कविता पाठ, भाषण, बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट ,कॉलेज, कार्टूनिंग ,ऑन द स्पॉट फोटोग्राफी ,क्विज, प्लेईंग इंस्ट्रूमेंट आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा इस कार्यक्रम में लगभग 150 छात्राओं ने हिस्सा लिया। |
| 22-02-2025 | NSS | NSS Seven Day Special Camp | राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सप्त दिवसीय शिविर फरवरी के अंतिम सप्ताह में 22 फरवरी 2025 से 28 फरवरी 2025 तक अग्रवाल धर्मशाला पिल्लू खेड़ा में लगाया गया। कैंप की शुरुआत 22 फरवरी 2025 को हवन से की गई। कैंप में 54 छात्राओं ने भाग लिया । शिविर का थीम "यूथ फॉर माय इंडिया एंड डिजिटल लिटरेसी" रहा। शिविर का उद्घाटन डॉ. ओ. पी. गुप्ता ने किया। कैंप में श्रीमती योगिता, डॉक्टर तेजवीर सैनी, डॉ वीरेंद्र मंदोत्रा, डॉ दिव्या मंदोत्रा ,श्री नरेश ढांडा, सुश्री निशा ,श्री कृष्ण आर्य डॉ प्रेमचंद सूद ने विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान दिए ।नशा मुक्ति ,स्वास्थ्य, स्वच्छता ,देश भक्ति ,स्टार्टअप आदि विविध विषयों पर व्याख्यान दिए गए। शिविर के दौरान स्वच्छता , पर्यावरण संबंधी रैलियां निकाली गई। श्रीमान रोहतास आर्य जी ने बच्चों को विभिन्न प्रकार के योगासन व प्राणायाम सिखाए। शिविर के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि की भूमिका डॉक्टर सुधा मल्होत्रा (सेवानिवृत्ति प्राध्यापिका व समाज सुधारक) ने निभाई। उन्होंने छात्राओं को अच्छे व्यवहार, अच्छे संस्कार, व अच्छे चरित्र निर्माण के विभिन्न उदाहरण देकर प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता छात्राओं को इनाम दिए गए। |
| 05-03-2025 | महिला प्रकोष्ठ | अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सेलिब्रेशन में भागीदारी | प्राचार्य श्री सत्यवान मलिक के निर्देशन में महिला प्रकोष्ठ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में सीआरएसयू जीदं द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिन होने वाले सेमिनार में 25 छात्राओं ने भाग लिया। महाविद्यालय बीए द्वितीय वर्ष की दो छात्राओं प्रीति और काजल ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया तथा सुंदर पोस्टर बनाएं। बीए द्वितीय वर्ष की छात्र काजल को इस प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 08-03-2025 | महिला प्रकोष्ठ & NSS | अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सेलिब्रेशन | प्राचार्य श्री सत्यवान मलिक के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमती बबीता पवार जी रहे जिन्होंने महिला सशक्तिकरण के बारे में अपने विचार प्रकट किए। इस सेमिनार में लगभग 60 छात्राओं ने हिस्सा लिया। |
| 23-03-2025 | NSS | NSS One Day Camp | प्राचार्य श्री सत्यवान मलिक के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। सबसे पहले स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय प्रांगण व राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पिल्लूखेड़ा की साफ सफाई की। उसके बाद शहीदी दिवस के उपलक्षय में स्पीच कंपटीशन ,पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं विश्व क्षयरोग दिवस पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शिविर में 100 से अधिक स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रविंद्र ने स्वयं सेविकाओं को 23 मार्च शहीदी दिवस के महत्व के बारे में छात्राओं को बताया कि यह दिन हमें देशभक्ति और बलिदान की प्रेरणा देता है। नेहरू युवा क्लब जिन से आई स्वयंसेविका अंजू ने क्षयरोग के बारे में बताया और इससे बचाव के उपाय भी बताएं कैंप का समापन एन एस एस गीत के साथ किया गया। |
| 12-04-2025 | Department of History & Commerce | Seminar on the occasion of Dr. B. R. Ambedkar Jayanti | इतिहास विभाग और वाणिज्य विभाग द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर सेमिनार का आयोजन किया गया। 50 छात्राओं ने कार्यक्रम में भाग लिया व बाबा साहेब के बारे में अपने विचार व्यक्त किये। कॉलेज की छात्राओं द्वारा बाबा साहेब के जीवन पर आधारित शानदार प्रस्तुति भी दी गई। जिसने उपस्थित सभी सदस्यों को भावुक कर दिया। एक प्रेरणादायक गीत “जय भीम बोलो” ने समरसता और सामाजिक जागरूकता का संदेश फैलाया। छात्राओं ने विशेषज्ञों से संविधान, सामाजिक न्याय और शिक्षा से जुड़े प्रश्न पूछें, जिसका उत्तर वक्ताओं ने बहुत ही सरल और प्रभावशाली भाषा में दिया। सभी विद्यार्थियों और शिक्षका ने मिलकर यह संकल्प लिया कि वे सामाजिक समरसता, लैंगिक समानता, शिक्षा के प्रचार और संविधान के मूल्यों के प्रति निष्ठावान रहेंगे। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 19-04-2025 | NSS | Pledge taking Ceremony and Speech Competition | डॉ. रणवीर यादव के निर्देशन में राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना के तत्वावधान में एक विशेष शपथ ग्रहण समारोह तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं आम जन मे ट्रैफिक नियमों के पालन के प्रति जागरूकता फैलाना था । उपस्थित छात्राओं व शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने ट्रैफिक नियमो का पालन करने की शपथ ली। शपथ में यह संकल्प लिया गया कि सड़क पर वाहन चलाते समय हेलमेट पहनेगी ,सीट बेल्ट लगाएंगे ,व यातायात संकेतों का पालन करेंगे और नशे में वाहन नहीं चलाएंगे। उसके बाद भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। |
| 21-04-2025 | Geography | Extension Lecture | भूगोल विभाग द्वारा स्काईलाइन इंस्टिट्यूट ऑफ़ जिओइनफॉर्मेटिक्स के संयुक्त तत्वाधान एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन करवाया गया। इस विस्तार व्याख्यान में 105 विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। अजय पुनिया, सीनियर मैनेजर और हिमांशी बत्रा, जूनियर मैनेजर, स्काईलाइन जिओ इनफॉर्मेटिक्स, रोहतक ने मुख्य वक्ता की भूमिका निभाई। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में भौगोलिक सूचना तंत्र के अनुप्रयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सेमिनार में रिमोट सेंसिंग, भौगोलिक सूचना तंत्र, रडार, लिडार, ड्रोन टेक्नोलॉजी आदि के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ इस क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं के बारे में भी बताया। महाविद्यालय की बीए तृतीय वर्ष की छात्राओं ने वक्ताओं से दूर संवेदन, भौगोलिक सूचना तंत्र आदि विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 23-04-2025 | English | Extension Lecture | The Department of English organized an insightful extension lecture on the topic “Drama and Its Forms: With Special Reference to The Merchant of Venice” under the chairmanship of Principal Dr. Ranbir Singh. The keynote speaker for the event was Dr. Ram Niwas, Retd. Professor and Former Chairman, Department of English, Kurukshetra University Kurukshetra, who addressed the students with great scholarly depth. In his lecture, Dr. Ram Niwas shed light on the various forms of drama and their distinct characteristics. He conducted an in-depth analysis of William Shakespeare’s renowned play The Merchant of Venice, exploring its plot, characters, and the socio-economic themes embedded within. He highlighted contemporary relevance through topics such as gender equality, commercial ethics, and human values, particularly through the characters of Shylock and Portia. The interactive session included scene-wise analysis and group discussions, encouraging students to engage critically from both literary and social perspectives. Dr. Ram Niwas was also elaborated on the significance of language, dialogue, and dramatic techniques in Shakespeare’s plays, greatly aiding students in their comprehension of English literature. |
| 24-04-2025 | Department of History | Extension lecture on Condition of Women In India | इस व्याख्यान का उद्देश्य भारत में महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक स्थिति पर प्रकाश डालना था, साथ ही उनके अधिकारों, चुनौतियों और उन्नति की संभावनाओं पर विचार करना था। कार्यक्रम के संयोजक की भूमिका इतिहास विभाग के अध्यक्ष श्री ग्रीन कुमार के द्वारा की गई। मुख्य वक्ता की भूमिका प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जय नारायण गहलावत ने निभाई। उन्होंने अपने वक्तव्य में बताया कि भारत में महिलाओं की भूमिका ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण रही है, परंतु सामाजिक संरचनाओं, पितृसत्ता और लैंगिक भेदभाव के कारण उन्हें अनेक प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रणबीर सिंह ने बताया कि महिलाओं की शिक्षा, रोजगार, राजनीतिक भागीदारी, घरेलू हिंसा, लैंगिक समानता, और सरकारी योजनाओं आदि का उल्लेख करते हुए बताया कि महिलाओं की स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है, लेकिन अभी भी काफी कार्य किया जाना बाकी है। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 25-04-2025 | Department of Economics & Commerce | Extension Lecture | A motivational and insightful extension lecture on the theme "Inflation and Personal Finance: Economic Balance in Everyday Life" was organized under the joint auspices of the Departments of Economics and Commerce on 25/04/2025. The keynote speaker for the occasion was Dr. O. P. Gupta, former Principal of the college, who inspired the students with his vast knowledge and experience. The event was efficiently coordinated by Dr. Devender, Head of the Department of Economics. 70 students of the college participated in this extension lecture. Dr. O. P. Gupta highlighted the profound impact of inflation on daily life. He presented an in-depth analysis of recent inflation trends in India, discussing key causes such as disruptions in the global supply chain, fluctuations in oil prices, and monetary policies. The second part of the lecture focused on personal finance management, during which Dr. Gupta guided the students on the path to financial independence. He emphasized practical strategies for budgeting, smart saving, and debt management. Promoting the use of digital payment systems, especially UPI, he described it as a revolutionary step toward financial inclusion. |
| 28-04-2025 | Department of Political Science | Extension lecture | महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रणबीर सिंह के अध्यक्षता में राजनीतिक विज्ञान विभाग के तत्वावधान मे “भारत में विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के लिए रोजगार की संभावनाएं और विशेषाधिकार” विषय पर एक दिवसीय कैरियर संबंधी, रोजगार व प्लेसमेंट उन्मुखी व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में अध्यक्षीय भाषण देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर रणबीर सिंह ने कार्यक्रम में मुख्य वक्ता की भूमिका में शिरकत करने वाले मेटिस डिग्री कॉलेज के प्राचार्य और प्रसिद्ध राजनैतिक शिक्षाविद श्री नफे सिंह नेहरा का महाविद्यालय परिवार की तरफ से स्वागत किया और मुख्य वक्ता का परिचय करवाया। अवसर पर महाविद्यालय के लगभग 100 छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 03-05-2025 | Mathematics | Extension Lecture | प्राचार्य डॉ. रणवीर यादव की अध्यक्षता में गणित विभाग द्वारा गणित के क्षेत्र में करियर के विविध अवसरों पर एक विशेष विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को गणित से जुड़े आधुनिक पेशेवर विकल्पों से एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में गणित के महत्व से परिचित कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता की भूमिका राजकीय महाविद्यालय अलेवा से गणित विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ संदीप शर्मा ने निभाई। मुख्य वक्ता ने बहुत ही प्रभावशाली तरीके से छात्राओं को गणित में ग्रेजुएशन करने के बाद विभिन्न करियर अवसरों के बारे में विस्तार से बताया। प्राचार्य डॉक्टर रणवीर यादव ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद किया व छात्राओं को इस प्रकार के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। |
| 06-06-2025 | NSS | Yoga Training | अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रणवीर यादव ने की जिसमें योग सत्र के साथ-साथ वृक्षारोपण गतिविधि भी की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं, टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ स्टाफ सदस्यों ने सूर्य नमस्कार, योग व विभिन्न प्रकार के प्राणायाम द्वारा स्वस्थ शरीर, स्वस्थ  पर्यावरण के संदेश को आगे बढ़ाते हुए विभिन्न योगासन किए और उनके लाभों के बारे में जानकारी दी। योग के बाद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें नीम, पीपल ,तुलसी जैसे छायादार और औषधीय पौधों का रोपण किया गया। प्राचार्य डॉ. रणवीर यादव ने योग का महत्व  बताते हुए कहा कि योग न केवल हमारे तन और मन को स्वस्थ रखता है बल्कि प्रकृति से जुड़ने का भी एक माध्यम है। |
| 12-06-2025 | NSS | Yoga Training | राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की अनुपालना के संदर्भ में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रणवीर यादव ने की जिसमें योग सत्र के अंतर्गत ताड़ासन, वज्रासन ,सूर्य नमस्कार आदि आसान व कपालभाति, अनुलोम विलोम आदि विभिन्न प्रकार के प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं, टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्यों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम से हुई प्रशिक्षित छात्राओं ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन कराई वह उनके लाभों के |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | बारे में जानकारी दी। प्राचार्य डॉक्टर यादव ने योग का महत्व बताते हुए कहा इस प्रकार के आयोजन से न केवल लोगों की जागरूकता बढ़ती है बल्कि समाज में यह संदेश भी जाता है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है। कार्यक्रम का समापन योग करें पर्यावरण बचाएं के नारे के साथ हुआ। |
| 21-06-2025 | NSS | International Yoga day celebration | महाविद्यालय में योग फार वन अर्थ एंड वन हेल्थ थीम के तहत अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर रणवीर सिंह यादव ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओ में शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन को बढ़ावा देना तथा भारत की प्राचीन योग परंपरा को प्रतिस्थापित करना था ।कॉलेज प्रशासन, शिक्षकों एवं छात्राओं की सक्रिय भागीदारी ने इसे एक ऐतिहासिक आयोजन में परिवर्तित किया। महाविद्यालय में छात्राओं, टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्यों ने छात्रा शीतू के मार्गदर्शन में आसन ,प्राणायाम का अभ्यास किया शीतू के द्वारा ताड़ासन, वज्रासन, सूर्य नमस्कार तथा विभिन्न प्रकार के आसनों का अभ्यास कराया गया। व उनका हमारे शरीर के लिए महत्व भी बताया ।योग दिवस ने न केवल छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया बल्कि उनमें देशभक्ति ,अनुशासन और सामुदायिक भावना का संचार भी किया। |
| 24-06-2025 | Anti Drug Awareness Cell | E- Pledge | यह गतिविधि "नशा मुक्त भारत पखवाड़ा 12 - 26 जून, 2025" के अंतर्गत आयोजित की गई। इस गतिविधि के माध्यम से, छात्रों, शिक्षकों और समाज के लोगों को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा उपलब्ध कराए गए लिंक के माध्यम से ई-प्रतिज्ञा लेने के लिए प्रेरित किया गया। |
| 26-06-2025 | Anti Drug Awareness Cell | हस्ताक्षर अभियान | यह गतिविधि 'हस्ताक्षर अभियान' के माध्यम से नशे के बारे में जागरूकता के लिए आयोजित की गई थी। |

08/10/2025

Principal

Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.